दिनांक 19 जुलाई 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

कलेक्टर अंकित आनंद ने राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए लग रहे शिविर स्थलों का किया निरीक्षण

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थलों एवं वार्डों में राशन कार्ड नवीनीकरण शिविर लग रहा है जिसका निरीक्षण आज जिलाधीश श्री अंकित आनंद ने किया!
श्री आनंद सर्वप्रथम सेक्टर 4 ए मार्केट के समीप स्थित स्कूल कैंपस में संचालित किए जा रहे राशन कार्ड नवीनीकरण शिविर पहुंचे जहां पर खाद्य विभाग द्वारा प्रदत सूची चस्पा की गई है का अवलोकन किया तत्पश्चात उन्होंने राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए नियुक्त अधिकारी/कर्मचारियों से राशन कार्ड नवीनीकरण से संबंधित होने वाली परेशानियों के बारे में चर्चा की एवं आने वाले आवेदकों की समस्याओं के संबंध में पूछा कि किस प्रकार के राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए प्राप्त हो रहे हैं , किस प्रकार की समस्याएं आपके पास आ रही हैं कर्मचारियों ने बताया कि कुछ ऐसे भी लोग आ रहे हैं जिनका नाम इस शिविर के लिए प्रदाय किए गए सूची में नहीं है लेकिन राशन कार्ड का निरंतर उपयोग कर रहे हैं कलेक्टर श्री आनंद ने कहा कि हो सकता है उनका नाम कहीं दूसरी सूची में हो परंतु यदि शिविर के माध्यम से जिस जगह के लिए आवेदन करेंगे उन्हें राशन वहीं से प्राप्त होगा फार्म की कंडिका नंबर 6 में सही से भरे जहां से राशन प्राप्त करना है! दो जगह पर एमआईएस एंट्री न हो इसके लिए आधार कार्ड का होना बहुत आवश्यक बताया एवं शिविर कार्य में उपस्थित कर्मचारियों से कहा आधार कार्ड में जो नाम एवं पते दिए हैं उन्हीं के आधार पर एमआईएस एंट्री किया जाना!`आगे सेक्टर 5 एवं सेक्टर 7 स्कूल पहुंचे वहां पर आए हुए आवेदकों से चर्चा कर उनकी आशंका को दूर किए!तत्पश्चात भिलाई नगर रेलवे स्टेशन स्थित गौठान पहुंचे जहां पर निरीक्षण करते हुए पशुओं के लिए चारागाह , पेयजल की व्यवस्था , वहां पर नियुक्त कर्मचारियों की व्यवस्था , छाया प्रदान करने के लिए व्यवस्था, गोबर के लिए कंपोस्ट की व्यवस्था, गौठान की क्षमता, सफाई की व्यवस्था आदि के विषय में जानकारी ली एवं अंत में गौठान में किए गए कार्य की सराहना की!
निरीक्षण के दौरान आयुक्त एसके सुंदरानी , उपायुक्त अशोक द्विवेदी एवं टीपी लहरें , अधीक्षण अभियंता आरके साहू , प्रभारी कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे , सहायक अभियंता विनीता वर्मा!उप अभियंता श्वेता महेश्वर एवं अर्पित बंजारे सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे!
वाटर हार्वेस्टिंग अपनाना है